सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 159 | इंदौर, मंगलवार 23 दिसंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज धार में करेंगे मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा भी विशेष रूप से भूमिपूजन कार्यक्रम में होंगे शामिल
- कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्री मिश्रा ने हेलीपेड व कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्यूज)

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंगलवार 23 दिसम्बर को धार में मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जे.पी. नड्डा भी विशेष रूप से शामिल होंगे। कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा ने आज मेडिकल कॉलेज के भूमिपूजन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर हेलीपेड व कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने निरीक्षण कर कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने यहां मुख्य मंच निर्माण, ग्रीन रूम, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, बैरिकेटिंग, व्हीआईपी बैठक व पार्किंग व्यवस्था, विभागीय स्टॉल, शौचालय, पानी की व्यवस्था, मीडिया मैनेजमेंट, प्रेस कॉन्फ्रेंस व अन्य व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पर अग्निशमन, पेयजल आदि के समुचित प्रबंध करने तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल एवं प्रदर्शनी स्थल का भी निरीक्षण कर उचित निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री मयंक अवस्थी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक चौधरी, अपर कलेक्टर श्री संजीव केशव पांडेय एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कैबिनेट फैसले: बड़वाह-धामनोद फोरलेन सड़क को मंजूरी

### आंगनवाड़ी-पोषण योजना को अगले पांच साल की मंजूरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में सोमवार को मंत्रालय में हुई कैबिनेट की बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। कैबिनेट ने बड़वाह-धामनोद मार्ग को 4 लेन (पेव्ड शोल्डर सहित) बनाने के लिए 2,508 करोड़ 21 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। यह सड़क 62.79 किलोमीटर लंबी होगी। इस परियोजना में 10 बायपास, 5 बड़े पुल, 23 मध्यम पुल, 12 फ्लाईओवर/अंडरपास, 7 बड़े जंक्शन और 56 मध्यम जंक्शन बनाए जाएंगे। यह सड़क हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल (HAM) पर बनेगी। कुल लागत का 40 प्रतिशत हिस्सा अभी राज्य सरकार वहन करेगी, जबकि शेष 60 प्रतिशत राशि 15 वर्षों में किस्तों के रूप में दी जाएगी। इस परियोजना पर टोल की वसूली राज्य सरकार करेगी।**



### पोषण योजना को 5 साल की मंजूरी

कैबिनेट ने सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 योजना को अगले पांच वर्षों (2026-27 से 2030-31) तक जारी रखने की मंजूरी दी है। इस योजना के तहत पूरक पोषण आहार, प्री-स्कूल शिक्षा, आंगनवाड़ी भवन निर्माण, पोषण अभियान, किशोरी बालिका योजना और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण शामिल है। यह योजना प्रदेश के 55 जिलों की 453 बाल विकास परियोजनाओं के अंतर्गत 97,882 आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित की जा रही है।

### जबलपुर लॉ यूनिवर्सिटी के लिए 197 करोड़ मंजूर

कैबिनेट ने मध्यप्रदेश धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, जबलपुर के द्वितीय चरण के भवन निर्माण के लिए 197 करोड़ 13 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। इस चरण में प्रशासनिक भवन, शैक्षणिक भवन, कुलगुरु व कुलसचिव आवास, 12 मल्टी-स्टोरी स्टाफ क्वार्टर और कैंपस बाउंड्री वॉल बनाई जाएगी। विश्वविद्यालय में वर्तमान में 720 छात्र पढ़ रहे हैं, जबकि कुल 1,272 सीटें स्वीकृत हैं।

### हर तहसील में वेदर स्टेशन हर पंचायत में रेनगेज

कैबिनेट ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत WINDS कार्यक्रम को लागू करने की मंजूरी दी है। इसके अंतर्गत हर तहसील में स्वचालित मौसम केंद्र और हर ग्राम पंचायत में स्वचालित रेनगेज लगाए जाएंगे। इस योजना के लिए 434 करोड़ 58 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इससे किसानों को सटीक मौसम जानकारी मिलेगी और फसल बीमा का भुगतान तेजी से और पारदर्शी तरीके से किया जा सकेगा। मौसम से जुड़ा पूरा डाटा एक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध रहेगा।

### इंदौर एयरपोर्ट के विकास को लेकर अहम बैठक सम्पन्न

# एक करोड़ यात्रियों की क्षमता का एयरपोर्ट बनाने की तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्यूज)

**इंदौर। सांसद श्री शंकर लालवानी की पहल पर इंदौर एयरपोर्ट के विकास को लेकर सोमवार को इंदौर एयरपोर्ट परिसर में एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य यात्रियों को हो रही असुविधाओं का समाधान और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट के दीर्घकालिक विकास की रूपरेखा तय करना था।**



इस बैठक में सांसद श्री शंकर लालवानी की पहल पर दिल्ली से एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (AAI) के वरिष्ठ अधिकारी श्री शरद कुमार (ऑपरेशन एवं प्लानिंग) तथा श्री अनुराग मिश्रा विशेष रूप से इंदौर पहुंचे और एयरपोर्ट की वर्तमान व्यवस्थाओं, चल रहे कार्यों और प्रस्तावित विकास योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इससे पहले नार्थ इंडिया इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के प्रमुख भी इंदौर का दौरा कर चुके हैं। बैठक में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, अपर कलेक्टर श्री रोशन राय, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर श्री अमित सिंह, इंदौर एयरपोर्ट के प्रबंधक श्री सुनील मगेरवार, एयरपोर्ट सलाहकार समिति के सदस्य श्री बंटी गोयल, श्री कपिल जैन, श्री सावन लड्ढा, श्री तपन अग्रवाल सहित एयरपोर्ट प्रशासन, स्थानीय अधिकारी और संबंधित विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

यह बैठक हाल ही में सांसद श्री शंकर लालवानी द्वारा नई दिल्ली में नागरिक उड्डयन मंत्री श्री राममोहन नायडू से की गई मुलाकात के बाद आयोजित की गई। उस मुलाकात में इंदौर एयरपोर्ट पर बढ़ते यात्री दबाव, पार्किंग, सुरक्षा जांच, टर्मिनल क्षमता और भविष्य की चुनौतियों को लेकर चर्चा हुई थी। मंत्री के निर्देशों के बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी के वरिष्ठ अधिकारी इंदौर पहुंचे और मौके पर स्थिति का आंकलन किया। बैठक में एयरपोर्ट की मौजूदा समस्याओं के साथ-साथ सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट से जुड़े दीर्घकालिक प्रोजेक्ट्स को अंतिम रूप देने पर विशेष फोकस रहा। एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा प्रस्तुत एजेंडा के अनुसार मल्टी लेवल कार पार्किंग के निर्माण, प्री-एंबार्केशन सिक्योरिटी चेक प्वाइंट के विस्तार, ट्रैफिक कंजेशन कम करने के लिए नए व्हीकुलर लेन, नया टर्मिनल भवन, प्रशासनिक भवन, रनवे विस्तार और पैरेलल टैक्सीवे जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि वर्तमान में इंदौर एयरपोर्ट की सालाना यात्री क्षमता लगभग 40 लाख यात्रियों की है। प्रस्तावित मास्टर प्लान के तहत इसे पहले चरण में बढ़ाकर एक करोड़ यात्रियों तक और दूसरे चरण में ढाई करोड़ यात्रियों की सालाना क्षमता तक ले जाने की तैयारी है। इसके लिए लगभग 89 एकड़ अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता होगी। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में पार्किंग क्षेत्र पर अत्यधिक दबाव है, जिससे यात्रियों को टर्मिनल में प्रवेश और निकास के दौरान परेशानी होती है। इसके समाधान के लिए मल्टी लेवल कार पार्किंग के निर्माण को प्राथमिकता देने पर सहमति बनी। इसके निर्माण से पार्किंग की समस्या में राहत मिलने और पीक आवर्स के दौरान ट्रैफिक दबाव कम होने की उम्मीद है।

### सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों का हाथों-हाथ निराकरण

# समय-सीमा की बैठक में सख्ती : लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई-पटवारी और सचिव निलंबित

## ● कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में टीएल बैठक सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय में समय-सीमा के पत्रों के निराकरण (टीएल) एवं अंतर-विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने नवाचार के तहत "समाधान हाथों-हाथ" पहल के अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन के शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद कर कई प्रकरणों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सभी योजनाओं से जुड़े प्रकरणों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक के दौरान समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण नहीं करने पर सख्त रुख अपनाते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा ने एक पटवारी एवं एक ग्राम पंचायत सचिव को निलंबित करने के निर्देश दिए। दो अधिकारियों पर पेनल्टी लगाने के निर्देश भी दिए गए।**

बैठक में इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, श्रीमती निशा डामोर, रिंकेश वैश्य सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जहां-जहां विलंब से शिकायतकर्ताओं को आर्थिक नुकसान हुआ, वहां संबंधित अधिकारियों से पेनल्टी की वसूली की जायेगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि राशन पर्ची बनाने में विलंब, तहसील खुड़ैल में राजस्व प्रकरण के एक आदेश के अमल में देरी, एमपीईबी एवं नगर परिषद बेटमा से जुड़े प्रकरणों में लापरवाही पाई गई, जिन पर तत्काल कार्रवाई की गई है।

आवेदनकर्ता चेतन चौधरी द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत लिम्बोदागरी में राशन पात्रता पर्ची के संबंध में समग्र आईडी के सत्यापन के लिए आवेदन किया था। पंचायत द्वारा समग्र आईडी का लंबे समय तक सत्यापन नहीं किया गया, इसके कारण उन्हें परेशानी हुई है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने तुरंत सत्यापन कर राशन पात्रता पर्ची जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही देरी एवं लापरवाही के लिए ग्राम पंचायत लिम्बोदागारी के सचिव को निलंबित करने के भी निर्देश दिए।

इसी तरह आवेदनकर्ता राम कुमार द्वारा बताया गया कि



उसने विद्युत कनेक्शन काटने का आवेदन दिया था। एमपीईबी द्वारा कनेक्शन काट दिया गया, परंतु कई बार आग्रह करने के बाद भी जमा राशि वापस नहीं की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने सोमवार शाम तक जमा राशि आवेदक के खाते में जमा करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि दोषी अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा पैनल्टी लगाने के भी निर्देश दिए गए।

इसी प्रकार आवेदनकर्ता तिरु मोहम्मद ने बताया कि नगर परिषद बेटमा में अपनी बेटी का नाम राशन कार्ड से हटाने का आवेदन दिया था। इस कार्यवाही में नगर परिषद द्वारा देरी की जा रही है। इसके कारण उन्हें परेशानी हो रही है। कलेक्टर श्री वर्मा ने तुरंत ही नाम हटाने और देरी के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी बेटमा के विरुद्ध पांच हजार रुपये की पैनल्टी लगाने के निर्देश दिए।

इसी तरह ग्राम शिवनी के आवेदनकर्ता अंकुरसिंह चौहान ने बताया कि उसने एक राजस्व प्रकरण में जारी आदेश को राजस्व अभिलेख में ऑनलाईन अपडेट करने के लिए आवेदन दिया था। काफी समय के बाद भी आदेश को राजस्व अभिलेख में दर्ज नहीं किया गया है। कलेक्टर श्री वर्मा ने सोमवार को ही आदेश को राजस्व अभिलेख में दर्ज करने के निर्देश दिए और लापरवाही पाये जाने पर खुड़ैल तहसील के ग्राम शिवनी के पटवारी को निलंबित करने के आदेश दिए।

### लंबित प्रकरणों के निराकरण में आयी तेजी

कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि प्रति सप्ताह रेंडम आधार पर आवेदकों से रूबरू चर्चा करने और उनकी समस्याओं के निराकरण के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। लंबित प्रकरणों के निराकरण में तेजी आई है। बीते एक सप्ताह में 50 दिन से अधिक पुरानी लगभग 550 शिकायतों का निराकरण विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा किया गया है। यह प्रशासनिक स्तर पर एक सकारात्मक शुरुआत है और आने वाले समय में लंबित प्रकरणों के त्वरित समाधान की दिशा में गति और बढ़ेगी। कलेक्टर शिवम वर्मा ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन के तहत लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर उन्हें प्राथमिकता से निराकृत करें, ताकि आमजन को समय पर राहत मिल सके और प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत हो।

### रणजीत हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार

बैठक में रणजीत हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य की प्रगति का प्रस्तुतीकरण हुआ। बैठक में बताया गया कि इस मंदिर के जीर्णोद्धार के प्रथम चरण में लगभग 7 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस राशि से मंदिर में भव्य द्वार बनाने, आकर्षक बाउंड्री वॉल बनाने, रथ घर, लॉकर, क्लॉक रूम, कवर्ड वॉक-वे निर्माण सहित अन्य कार्य श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए जाएंगे। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा (दिसंबर 2026) में पूर्ण हो। निर्माण के चलते श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### हॉस्टलों का निरीक्षण

कलेक्टर शिवम वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अनुसूचित जाति-जनजाति विभाग, शिक्षा विभाग और सामाजिक न्याय विभाग के हॉस्टलों का निरीक्षण कर विद्यार्थियों के लिए सुविधा और व्यवस्थाओं की सुनिश्चितता करें। हॉस्टलों में व्यवस्थाओं के निरीक्षण एवं उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार शुरू किया गया है। जिले के सभी शासकीय हॉस्टलों (शिक्षा, जनजातीय, सामाजिक न्याय विभाग आदि) के लिए अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। ये अधिकारी नियमित भ्रमण कर भोजन, पेयजल, स्वच्छता एवं आधारभूत सुविधाओं की जांच करेंगे। विद्यार्थियों से संवाद कर गार्जियन की तरह सहयोग करेंगे, ताकि वे तनावमुक्त होकर अध्ययन कर सकें।

### ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 23 दिसंबर को

मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के संबंध में कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 23 दिसंबर को किया जाएगा। एईआरओ एवं अतिरिक्त एईआरओ द्वारा इसकी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। जो मैपिंग वाले मतदाताओं को नोटिस भेजे जाएंगे। इसके तथा ड्राफ्ट प्रकाशन के एक सप्ताह बाद दावा-आपत्ति की सुनवाई प्रारंभ होगी। प्रतिदिन लगभग 50 मतदाताओं की सुनवाई की जायेगी। सूची सभी मतदान केंद्रों पर चस्पा की जाएगी तथा संबंधित मतदाताओं को नोटिस देकर सूचना दी जाएगी।

## आबकारी विभाग द्वारा 53750 रूपए कीमत की अवैध शराब और वाहन जब्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के द्वारा दिये निर्देशानुसार इंदौर जिले में अवैध मदिरा के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी है।

इसी क्रम में सोमवार को वृत्त राजमोहल्ला प्रभारी मीना माल की टीम के द्वारा नगर निगम एम जी रोड से अवैध मदिरा परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। कार्यवाही में एक दोपहिया वाहन जेस्ट 110 मोटरसाइकिल से अवैध मदिरा परिवहन कर ले जाई जा रही 50 पाव देशी मसाला मदिरा एक झोले में बरामद की गई। आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। मदिरा वाहन सहित जप्त कर फरार आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मदिरा व वाहन का कुल बाजार मूल्य लगभग 53750/- रुपए है। प्रकरण में विवेचना जारी है।

## समाजसेवी रूपेश लोदवाल का आकस्मिक निधन, शोक बैठक कल

**चैतन्य लोक, इंदौर।** बैरवा समाज के वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मी नारायण लोदवाल (ठेकेदार) के सुपुत्र, अशोक लोदवाल, प्रहलाद लोदवाल के भतीजे, धीरज लोदवाल के अनुज, राकेश (रिंकू) लोदवाल, मनोज लोदवाल के बड़े भ्राता, राजा लोदवाल के चाचा, सार्थक लोदवाल के बड़े पापा, कोमल एवं दिव्यांश (नन्नू) के पापा रूपेश लोदवाल (राजकुमार) का



आकस्मिक निधन हो गया है। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। श्री लोदवाल एसएस इंफ्रा नेट एवं एसएस रियल्टी प्रतिष्ठान से जुड़े थे। उनके निधन की खबर से समाज में शोक की लहर है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, दिवंगत आत्मा की शांति के लिए शोक बैठक (उठावना) 24 दिसंबर को नेहरू नगर स्थित रोड नंबर 9 की बैरवा धर्मशाला में शाम 4 से 5 बजे के बीच आयोजित की जाएगी।

## छात्र पर रैगिंग और प्रताड़ना के आरोपों को डीन ने फर्जी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एमजीएम कॉलेज में दो दिन पहले जूनियर छात्र द्वारा सीनियर छात्र पर रैगिंग और प्रताड़ना के लगाए गए आरोपों को डीन डॉक्टर अरविंद घनघोरिया ने फर्जी बताया है।**

डीन घनघोरिया ने कहा कि एंटी रैगिंग कमेटी ने मामले की जांच कर इसे फर्जी पाया है। कमेटी ने जूनियर और सीनियर दोनों वर्गों के सभी संबंधित छात्रों को बुलाकर बयान दर्ज किए, लेकिन सभी ने आरोपों से इनकार किया। जांच में स्पष्ट हुआ कि बेनाम शिकायत निराधार है। प्रथम दृष्टया यह किसी आपसी मतभेद के चलते की गई फर्जी शिकायत प्रतीत होती है। जूनियर छात्रों ने दो दिन पहले सीनियरों पर फ्लैट में बुलाकर मारपीट, डराने-धमकाने और जबरन शराब पिलाने के आरोप लगाते हुए कॉलेज प्रबंधन को शिकायत की थी। शिकायत में



सीनियरों में पूर्व में रैगिंग के मामले में सस्पेंड किए गए दो छात्रों का भी जिक्र था। इस बार रैगिंग की शिकायत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को करने की नहीं बल्कि कॉलेज प्रशासन को एक गुमनाम पत्र मिला था।

शिकायत के अनुसार 2025 बैच के जूनियर छात्रों को 2024 बैच के सीनियर छात्रों ने एक निजी फ्लैट पर बुलाया, जहां उनके साथ मारपीट की गई और जबरन नाचने के लिए मजबूर किया गया। शिकायत सामने आने के बाद कमेटी ने सीनियर और जूनियर छात्रों को अलग-अलग बुलाकर बयान दर्ज किए। जांच के दौरान रैगिंग की पुष्टि हुई। बताया गया कि घटनाओं के बाद जूनियर छात्र इतने डरे हुए थे कि पूछताछ के दौरान भी वे खुलकर अपनी बात नहीं रख पा रहे थे। डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने बताया कि कॉलेज प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और विस्तृत जांच की जा रही है। शिकायत मिलने के तुरंत बाद एंटी-रैगिंग कमेटी ने जांच शुरू की और जूनियर व सीनियर छात्रों के बयान अलग-अलग दर्ज किए हैं।

# मंत्री विजयवर्गीय के साथ 40 वरिष्ठ यात्रियों ने किया अपना पहला हवाई सफर

## इंदौर से रीवा के लिए पहली फ्लाइट ने भरी उड़ान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर से रीवा के लिए सोमवार से सीधी फ्लाइट शुरू हो गई है। देवी अहिल्याबाई होलकर विमानतल इंदौर पर इस अवसर पर बहुत खुशनुमा और उत्साहजनक माहौल रहा। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के साथ विधानसभा क्षेत्र इंदौर-1 के 40 वरिष्ठ यात्री इंदौर से रीवा के लिए रवाना हुए। यात्रियों ने बताया कि इससे पहले कभी हवाई यात्रा का सफर नहीं किया था। उन्होंने बताया कि हमने इससे पहले विमान को केवल हवा में उड़ते हुए ही देखा था। इंदौर से रीवा की यह पहली हवाई यात्रा इन 40 यात्रियों सहित प्रदेश के अन्य यात्रियों के लिए किसी सौगात से कम नहीं है।



### यात्री करेंगे देव दर्शन

इंदौर एयरपोर्ट पर सोमवार 22 दिसंबर की सुबह खास थी। अपनी पहली हवाई यात्रा का सफर करने के लिए श्रद्धालु यात्री समय से पहले एयरपोर्ट पर पहुँचकर इंतजार कर रहे थे। कुछ ही देर में उनका इंतजार खत्म हुआ और नगरीय प्रशासन मंत्री श्री विजयवर्गीय के नेतृत्व में सभी 40 श्रद्धालु यात्री इंदौर से रीवा की पहली फ्लाइट से रीवा के लिए रवाना हो गए। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने इन सभी श्रद्धालुओं की हवाई यात्रा और तीर्थाटन के लिए विशेष व्यवस्था की है। विमान रीवा पहुंचने के पश्चात सभी यात्री चित्रकूट पहुँचेंगे। इसके पश्चात 23 दिसम्बर को मैहर में देवी दर्शन करेंगे और इसी दिन मैहर से वापस रीवा आकर फ्लाइट से इंदौर के लिए रवाना होंगे। सभी यात्रियों ने हवाई यात्रा और तीर्थाटन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया है। मीडिया से बात करते हुए श्रद्धालु यात्रियों ने कहा कि मंत्री श्री विजयवर्गीय की वजह से उन्हें जीवन में पहली बार हवाई यात्रा की सौगात प्राप्त हुई और साथ में देवदर्शन का लाभ भी मिल रहा है।



### रीवा का सफर होगा आसान

मीडिया से बात करते हुए मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर से रीवा के लिए हवाई सेवा उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला के विशेष प्रयासों से शुरू हुई है। इससे पहले रीवा जाने में बड़ी दिक्कत होती थी। मैं स्वयं सतना जिले का प्रभारी हूं मुझे भी आसानी होगी। अब इस हवाई सुविधा के मिलने से इंदौर से रीवा की यात्रा बहुत कम समय में हो जाएगी। इस यात्रा में मेरे साथ विधानसभा क्षेत्र इंदौर- 1 के 40 श्रद्धालु यात्री भी जा रहे हैं, जिन्होंने इससे पहले हवाई यात्रा नहीं की थी। सभी श्रद्धालु यात्री चित्रकूट और मैहर देवदर्शन करने के पश्चात अगले दिन रीवा से इंदौर हवाई सेवा से वापस आएंगे। इस फ्लाइट के चलने से इंदौर और रीवा दोनों के कारोबार में भी काफी वृद्धि होगी।

### रीवा से उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला आएंगे इंदौर

रीवा से इंदौर के लिए सोमवार को उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला विंध्य क्षेत्र के 60 यात्रियों के साथ इंदौर पहुँचे। श्रद्धालु इंदौर से महाकालेश्वर एवं ओंकारेश्वर देवदर्शन करेंगे। इस हवाई सेवा के शुरू होने से इंदौर में रहने वाले विंध्य क्षेत्र सतना, सीधी, शहडोल, मऊगंज के हजारों लोगों को बेहतर हवाई सेवा का लाभ मिलेगा। साथ ही इंदौर से रीवा के लिए शुरू होने वाली फ्लाइट के लिए इंडिगो में बुकिंग शुरू हो चुकी है। रीवा एयरपोर्ट से यात्रा प्रारंभ करने वाले यात्रियों को इंदौर के रास्ते दूसरे देशों की फ्लाइट से कनेक्ट किया जाएगा।

# श्री चिड़ार समाज जिला समिति इंदौर के चुनाव सफलतापूर्वक सम्पन्न



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **21 दिसंबर 2025 दिन रविवार मतदान दिवस 65 शिव मंदिर मुसाखेड़ी इंदौर पर श्री चिड़ार समाज जिला समिति इंदौर के चुनाव आप सभी के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुए जिसमें कि अध्यक्ष पद हेतु 5 उम्मीदवार थे अध्यक्ष पद हेतु कुल 1034 वोट डाले गए जिसमें कि वोट 39 निरस्त हुए।**

1 ब्रजमोहन ईश्वरी 276
2 मनोहर गेहलोत 85
3 चंदू गेहलोत (गब्बर)288
4 जितेंद्र शेरा 305
5 नितिन गेहलोत 51

उपरोक्त वोट के अनुसार अधिकतम 305 वोट श्री जितेंद्र शेरा जी मुसाखेड़ी को प्राप्त हुए जो कि श्री चिड़ार समाज जिला समिति इंदौर के नए अध्यक्ष बने। सचिव पद हेतु 3 उम्मीदवार थे जिसमें कुल 1037 वोट डाले गए 118 निरस्त।

1 जगदीश सांवर 265
2 नितिन चंदेल 525
3 अंकित इश्वरे 129

अधिकतम वोट सचिव पद हेतु 525 श्री नितिन चंदेल जी को प्राप्त हुए वे चिड़ार समाज जिला समिति इंदौर के नए सचिव बने। कोषाध्यक्ष पद हेतु केवल एक ही उम्मीदवार श्री धर्मेंद्र हांडे जी को जिला समिति इंदौर का निर्विरोध कोषाध्यक्ष घोषित किया गया। सभी चिड़ार समाज के लोगो में काफी उत्साह था लोग घंटों भीड़ में खड़े होकर अपने पसंदीदा उम्मीदवार को जितने के लिए जिले के कोने कोने से आए थे और लोगों में समाज के प्रति जागरूकता देखी गई।

# सांवेर की सभी पंचायतों में सीसी रोड, नाली और ड्रेनेज सुविधा होगी: मंत्री श्री सिलावट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य एवं सांसद शंकर लालवानी की अध्यक्षता में रविवार को ग्राम पंचायत ढाबली में लगभग 51 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित सीसी रोड़ का लोकार्पण किया। यह नवनिर्मित सीसी रोड़ भारत माता प्रतिमा लाल गेट से कैलोद कांकड सुभाष दायमा के घर तक है। लोकार्पण के दौरान मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि सांवेर विधानसभा की सभी पंचायतों में सीसी रोड, नाली और ड्रेनेज की सुविधा होगी, इससे क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका होगी। उन्होंने आगे बताया कि 305 करोड़ रुपये की लागत से कनाडिया और धनखेडी में एसटीपी प्लांट का कार्य चल रहा है और ड्रेनेज की लाईन डल रही है। इस सीसी रोड़ से ढाबली, मांगलिया, कैलोदहाला, रामपिपलिया, गारी पिपलिया सहित अन्य ग्राम पंचायतों को लाभ होगा और जल-मल निकासी की समस्याओं से निजात मिलेगी। इस अवसर पर पार्षद राकेश सोलंकी, अध्यक्ष प्रतिनिधि मानसिंह, मंत्री प्रतिनिधि अजय पप्पु शर्मा, मंडल अध्यक्ष विपिन जागीदार, पवन तिवारी, ढाबली पंचायत सरपंच अन्तिमबाला यादव, जितेन्द्र डोडिया, बब्लू यादव विक्की यादव सहित क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।




## हवन-पूजन के नाम पर लिया पैसा

# कुंडली में दोष बताकर सॉफ्टवेयर इंजीनियर से 6.20लाख की ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कुंडली में दोष बताकर हवन-पूजापाठ के नाम पर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है। खुद को एस्ट्रोलॉजर और बाबा बताने वाले ठग ने एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर से 6 लाख 20 हजार रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर क्राइम ब्रांच ने तीन बैंक खातों को ब्लॉक करवा दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि 24 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर एक निजी आईटी कंपनी में कार्यरत है। उसने साइबर फ्रॉड की शिकायत दर्ज कराई है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सॉफ्टवेयर इंजीनियर अपनी प्रोफेशनल लाइफ और पर्सनल रिलेशनशिप को लेकर परेशान चल रहा था। इसी दौरान उसने इंस्टाग्राम पर एक एस्ट्रोलॉजर का विज्ञापन देखा, जिसमें समस्याओं के समाधान का दावा किया गया था और संपर्क नंबर भी दिया गया था। एडिशनल डीसीपी ने बताया कि पीड़ित ने विज्ञापन में दिए गए नंबर पर कॉल किया। बातचीत के दौरान उसने अपनी निजी और पेशेवर परेशानियों के बारे में बताया। इसके बाद कथित एस्ट्रोलॉजर ने उसकी कुंडली में गंभीर दोष होने की बात कही और समस्याओं से निजात दिलाने के लिए हवन-पूजन और विशेष अनुष्ठान कराने की सलाह दी। आरोपी ने अलग-अलग बहानों से पीड़ित को कई बार भुगतान करने के लिए कहा। भरोसे में आए सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने विभिन्न ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 6.20 लाख रुपए आरोपी द्वारा बताए गए तीन बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब समस्या का समाधान नहीं हुआ और आरोपी संपर्क से बाहर होने लगा, तब युवक को ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद उसने क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई। क्राइम ब्रांच ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन तीनों खातों को ब्लॉक करा दिया, जिनमें राशि ट्रांसफर की गई थी। साथ ही आरोपियों की पहचान और नेटवर्क को लेकर जांच शुरू कर दी है।

उत्तर भारत की बर्फबारी का असर MP तक

# 22 जिलों में कोहरा और शीतलहर सड़क-रेल दोनों प्रभावित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मध्यप्रदेश में ठंड ने एक बार फिर तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। कश्मीर के गुलमर्ग और सोनमर्ग में लगातार हो रही बर्फबारी का सीधा असर प्रदेश के मौसम पर नजर आ रहा है, जिससे सर्द हवाओं के साथ कोहरे और शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया है। प्रदेश के उत्तरी इलाकों में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। कई जगहों पर विजिबिलिटी घटकर सिर्फ 50 मीटर रह गई, जिससे यातायात व्यवस्था पर भी असर पड़ा। दतिया और रीवा में सड़क के साथ-साथ रेल परिचालन भी प्रभावित हुआ।



### 22 जिलों में घना कोहरा, शीतलहर ने बढ़ाई मुश्किल

ग्वालियर, चंबल, रीवा, सागर, जबलपुर और शहडोल संभाग के कुल 22 जिलों में घना कोहरा दर्ज किया गया। ग्वालियर, मुरैना, टीकमगढ़, छतरपुर, सतना, रीवा और सीधी में कोहरे के साथ शीतलहर का असर भी बना रहा।वहीं, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, सीहोर, रायसेन, विदिशा, शाजापुर और आगर-मालवा सहित कई शहरों में मध्यम स्तर का कोहरा देखने को मिला।

### अगले दो दिन साफ मौसम, लेकिन बढ़ेगी ठिठुरन

मौसम विभाग के अनुसार 24 और 25 दिसंबर को अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ रहने की संभावना है। हालांकि कुछ क्षेत्रों में सुबह के समय हल्का कोहरा बना रह सकता है। साफ आसमान के बावजूद ठंड का असर और तेज होगा, खासकर रात के तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी।

### पचमढ़ी सबसे ठंडा, कई शहरों में पारा 6 डिग्री के आसपास

प्रदेश के कई इलाकों में न्यूनतम तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई।प्रदेश का इकलौता हिल स्टेशन पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा, जहां तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। रीवा में 5.6 डिग्री और शहडोल के कल्याणपुर में 5.9 डिग्री दर्ज किया गया।भोपाल और इंदौर में न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री, जबलपुर में 9 डिग्री और ग्वालियर में 11.3 डिग्री रहा। कई अन्य जिलों राजगढ़, खजुराहो, सतना, बैतूल, मंडला, रायसेन और सागर में भी पारा 7 से 9 डिग्री के बीच रहा।

### नवंबर–दिसंबर में टूटा ठंड का रिकॉर्ड

इस बार सर्दी ने नवंबर के बाद दिसंबर में भी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। भोपाल में नवंबर के दौरान लगातार 15 दिन तक शीतलहर चली, जो 1931 के बाद सबसे लंबा दौर माना जा रहा है। 17 नवंबर की रात राजधानी में तापमान 5.2 डिग्री तक गिर गया था, जो अब तक का रिकॉर्ड है।इंदौर में भी 25 साल बाद इतनी ठंडी रात दर्ज की गई, जबकि दिसंबर में भोपाल और इंदौर दोनों जगह तापमान 5 डिग्री से नीचे जा चुका है।

### दिसंबर, जनवरी क्यों होते हैं सबसे ठंडे?

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार दिसंबर और जनवरी प्रदेश के सबसे ठंडे महीने होते हैं। इस दौरान उत्तर भारत से आने वाली ठंडी हवाएं और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) तापमान को तेजी से नीचे गिरा देते हैं। कई बार मावठा गिरने से दिन के तापमान में भी ठंडक बढ़ जाती है।

झाबुआ में स्कूल टीचर पुल से कूदा

## वॉट्सऐप पर लिखा- मेरी मौत का कारण ग्लेशियर कॉन्वेंट स्कूल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**झाबुआ, एजेंसी**। जिले के सारंगी चौकी क्षेत्र के बोडायता निवासी अजय नामक टीचर ने सोमवार दोपहर पेटलावद-रतलाम मार्ग पर स्थित माही नदी के पुल से छलांग लगा दी। घटना के बाद से टीचर की तलाश जारी है।

टीचर बस से पुल पर पहुंचा था और उसका बैग मौके पर मिला है। छलांग लगाने से पहले उसने अपने वॉट्सएप पर एक स्टेटस पोस्ट किया था, जिससे चिंतित होकर उसके मित्रों और परिजनों ने तलाश शुरू की। झाबुआ से गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची है और उसकी खोजबीन कर रही है। बताया जा रहा है कि युवक सारंगी के एक निजी स्कूल में शिक्षक था। पुलिस को सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। युवक ने अपने स्टेटस में लिखा था, 'मेरी मौत का कारण ग्लेशियर कॉन्वेंट स्कूल सारंगी है, झूठे इल्जाम लगाए गए हैं।' इस बीच, स्कूल प्रबंधन अभिभावकों के साथ पेटलावद थाने पहुंचा और पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। स्कूल प्रबंधन के अनुसार, कुछ बच्चियों के अभिभावकों ने शिक्षक पर 'बेड टच' की शिकायत की थी। इसके बाद स्कूल ने युवक से बात कर उसे वेतन देकर स्कूल से निकाल दिया था। यह घटनाक्रम युवक को स्कूल से निकाले जाने के बाद सामने आया है। गोताखोरों की टीम माही नदी में युवक की तलाश में जुटी हुई है।

सारंगी चौकी प्रभारी दीपक देवरे ने बताया कि जैसे ही युवक ने स्टेट्स लगाया उसके मित्रों ने पुलिस को खबर दी। पुलिस उसकी मोबाइल लोकेशन के आधार पर माही नदी पर दोपहर में ढाई बजे पहुंच गए थे। यहां से बेग ओर मोबाइल मिला है। फिलहाल गोताखोरों की टीम युवक की तलाश में जुटी है। लेकिन अंधेरा हो जाने के कारण दिक्कत आ रही है। अजय पर आरोप है कि उसने 7 th और 8 th की छात्रओं को बेड टच किया। वह सामाजिक विज्ञान पढ़ाता था। सीसीटीवी में दिखाई दे रहा है कि अजय ऑफिस से बाहर आया और सैलरी के रूप में मिले 17100 में 15000 बाहर एग्जाम दे रही बच्चों पर उड़ा दिए और बाकी 2100 फाड़ दिए।

● उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने की बजट विशेषज्ञों से चर्चा

## रोलिंग बजट बनाने में मध्यप्रदेश बनेगा देश का पहला राज्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि लोकतंत्र की मूल भावना को ध्यान में रखते हुए जनअपेक्षाओं के अनुरूप मध्यप्रदेश का बजट तैयार किया जाएगा। नवाचार के रूप में वर्ष 2026-27 के बजट अनुमानों के साथ वर्ष 2027-28 एवं वर्ष 2028-29 के सांकेतिक बजट अनुमान भी तैयार किए जा रहे हैं। इस प्रकार आगामी तीन वर्षो के लिए रोलिंग बजट तैयार करने की पहल करने में मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बनेगा।**



उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने सोमवार को बजट संवाद कार्यक्रम में यह जानकारी दी। वर्ष 2026-27 के बजट को अधिक लोक कल्याणकारी, व्यवहारिक और परिणामोन्मुख बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित बजट संवाद कार्यक्रम में अर्थशास्त्रियों, बजट विशेषज्ञों, प्रबुद्ध विचारकों एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश का बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज न होकर आम जनता की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब होना चाहिए। सरकार का निरंतर प्रयास है कि बजट निर्माण की प्रक्रिया में जनभागीदारी को और अधिक विस्तार दिया जाए और प्राप्त सुझावों को नीति निर्धारण की प्रक्रिया में शामिल किया जाए। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने बजट संवाद को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिवर्ष प्रदेश के बजट को सरल, सहज और व्यावहारिक स्वरूप देने का प्रयास किया जाता है, जिससे आम नागरिक भी बजट निर्माण प्रक्रिया को आसानी से समझ सके। बजट को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आम जनता, विषय विशेषज्ञों और प्रबुद्ध वर्ग से ई-मेल, वेबसाइट, दूरभाष एवं अन्य संचार माध्यमों के जरिए सुझाव आमंत्रित किए गए, जिनके माध्यम से लगभग 945 सुझाव प्राप्त हुए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के "विकसित भारत 2047" के संकल्प में प्रदेश का उल्लेखनीय योगदान सुनिश्चित करने हेतु पूंजीगत व्यय में निरंतर वृद्धि की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में 82 हजार 513 करोड़ का जीगत व्यय प्रावधान अब तक का सर्वाधिक है।

नीमच से सावंलिया सेठ दर्शन करने गया था

## फोटो-वीडियो बनाने पर श्रद्धालु को कमरे में बंद कर पीटा

**नीमच, एजेंसी**। नीमच के 24 वर्षीय प्रियांशु मालवीय के साथ राजस्थान के सांवलिया सेठ मंदिर में मारपीट का मामला सामने आया। फोटो खींचने पर सुरक्षाकर्मियों ने उसे बंद कमरे में ले जाकर पीटा, जिससे उसकी नाक की हड्डी फ्रैक्चर हो गई और नाक-पैर से खून बहने लगा। मारपीट के दौरान मोबाइल तोड़ा गया और फोटो-वीडियो डिलीट कराए गए। दोस्तों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया।

प्रियांशु मंदिर के भेंट कक्ष के पास कॉरिडोर में फोटो ले रहा था।



प्रियांशु मालवीय, पीड़ित

टाइगर फोर्स के गार्ड ने उसे रोकने की कोशिश की और विवाद बढ़ गया। सुरक्षाकर्मी प्रियांशु को बंद कमरे में ले गए, जहां सीसीटीवी नहीं था। चार-पांच गार्ड्स ने मिलकर उसकी पिटाई की। खून साफ करने के लिए उसका रूमाल इस्तेमाल किया गया। मारपीट के दौरान उसका मोबाइल तोड़ा गया और उसमें मौजूद फोटो-वीडियो जबरन डिलीट कराए गए। बाद में एम्बुलेंस बुलाकर उसे अस्पताल ले जाया गया। मारपीट के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ जमा हो गई। दोस्तों ने प्रियांशु को तलाश कर अस्पताल पहुंचाया।

मंदिर प्रशासन और अध्यक्ष के पास शिकायत करने पर विरोध और धमकियां मिलीं। मंडफिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति शांत कराई। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस ने लिखित शिकायत लेने से मना किया। मंदिर मंडल ने दोनों पक्षों में समझौता करवा दिया। बता दें कि 25 जून को अमावस्या के दिन भी टाइगर फोर्स के गाड्स पर श्रद्धालुओं के साथ मारपीट के आरोप लग चुके हैं। पीड़ित और उसके परिजन दोषी गाड्र्स के खिलाफ कार्रवाई और निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि सुरक्षा के नाम पर हिंसा किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं।

# संपादकीय

## प्रदूषण और जाम से मुक्तिः अब कड़े फैसलों की बारी

दिल्ली-एनसीआर में हर साल प्रदूषण से होने वाली भयानक समस्या और यातायात की परेशानियों से निपटने के लिए संसद की एक स्थायी समिति ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। समिति का मानना है कि इन समस्याओं का टोकन समाधान संभव नहीं है। मतलब, दीर्घकालिक योजना और इच्छाशक्ति से ही इन परेशानियों से दिल्ली और एनसीआर में रहने वाले लोगों को सामान्य जीवन जीने का अवसर मिल सकता है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण मामलों की स्थायी संसदीय समिति ने इस संबंध में सुझावों की एक लंबी लिस्ट दी है। बीजेपी सांसद भुवनेश्वर कलिता की अध्यक्षता वाली समिति ने कहा है कि कागज पर तो कई योजनाएं मौजूद हैं, लेकिन ठीक से अमल नहीं हो पाने की वजह से इन समस्याओं से छुटकारा नहीं मिल पा रहा है। पेट्रोल-डीजल वाहनों पर सीलिंग ET की एक रिपोर्ट के अनुसार संसदीय समिति ने दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण और यातायात की समस्या से निपटने के लिए जो अनेकों सुझाव दिए हैं, उनमें से एक ये भी है कि अब इस क्षेत्र में नए नन-इलेक्ट्रिक वाहनों (पेट्रोल-डीजल वाहन) के रजिस्ट्रेशन पर एक वार्षिक सीलिंग लगाने का वक्त आ चुका है। समिति का कहना है कि इस तरह के सख्त कदम प्रदूषण और यातायात की बढ़ती समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए बहुत ही जरूरी हैं। समिति ने पेट्रोल-डीजल वाहन के सालाना रजिस्ट्रेशन की संख्या पर लगाम लगाने के सुझाव के साथ ही स्वच्छ यातायात सुलभ कराने के लिए इंसेंटिव पर विचार करने का भी सुझाव दिया है। समिति ने लोगों के बर्ताव में बदलाव की ओर भी ध्यान खींचा है और कहा है कि इन्हें निजी कारों से आगे सोचने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इसके लिए समिति ने आरामदायक और भरोसेमंद प्रीमियम बस सेवा उपलब्ध करवाने का सुझाव दिया है। समिति के मुताबिक इस तरह की बस सेवाएं एप-बेस्ड कैब सेवाओं की तरह हों, जिसे सुविधानुसार बुक किया जा सके, सीट रिजर्वेशन की सुविधा हो, रियल-टाइम ट्रैकिंग की जा सके। समिति का कहना है कि इससे कार यूजर्स विकल्प पर विचार कर सकते हैं। यही नहीं, आम उपभोक्ता पेट्रोल-डीजल वाहनों की जगह जीरो-एमिशन वाहन, जैसे कि बैटरी वाले इलेक्ट्रिक वाहन (EV) और फ्यूल सेल इलेक्ट्रिक व्हीकल की ओर रुख करें, इसके लिए जरूरी है कि उन्हें प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव, सब्सिडी और टैक्स बेनिफिट का ऑफर दिया जाए। यही नहीं, समिति ने ऐसे प्रदूषण-मुक्त वाहनों को मुफ्त में या कम दर पर पार्किंग की सुविधा उपलब्ध करवाने का सुझाव दिया है। दूसरी तरफ पेट्रोल-डीजल वाहनों से ज्यादा पार्किंग चार्ज वसूलने और उनके लिए ज्यादा कठोर नियमों की भी सिफारिश की है।

Health is Wealth

# रोजाना डिटॉक्स वॉटर पीना सेफ है होता है क्या?

## जानिए क्या कहते हैं एक्सपर्ट

डिटॉक्स वॉटर शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करता है और इससे कई तरह के स्वास्थ्य लाभ भी मिल सकते हैं। लेकिन इसे रोजाना पीना सही है या नहीं, यह जानना जरूरी होता है। इस विषय पर विशेषज्ञों की अलग-अलग राय है। इस लेख में हम जानेंगे कि एक्सपर्ट डिटॉक्स वॉटर को लेकर क्या सलाह देती हैं और इसे अपनी दिनचर्या में कैसे शामिल करना चाहिए।



**आजकल लोग हेल्दी रहने के लिए डिटॉक्स वॉटर जरुर पीते हैं। डिटॉक्स वॉटर एक ऐसा पानी होता है, जिसमें हम फल-सब्जियां रात भर के लिए काटकर छोड़ देते हैं। सुबह इसी पानी का सेवन करते हैं, जिसे हम डिटॉक्स वॉटर के नाम से जानते हैं। इसमें कोई दोहराए नहीं डिटॉक्स वॉटर बॉडी के लिए रिफ्रेशिंग होता है, इसमें कम कैलोरी होती है। डिटॉक्स पानी पीने से शरीर को पोषक तत्व मिलते हैं और वजन कम करने में भी सहायक करता है। ओवरऑल हेल्थ के लिए डिटॉक्स वॉटर काफी फायदेमंद होती है। लेकिन रोजाना डिटॉक्स वॉटर पीने से सेफ है या नहीं, आइए आपको बताते हैं।**



### ● क्या रोज डिटॉक्स वॉटर पीना सेफ होता है

हां, बिल्कुल रोजाना डिटॉक्स पानी पीने हेल्दी होता है। इसमें मुख्य रुप से किसी भी तरह का आर्टिफिशियल स्वीटनर जैसा कुछ भी केमिकल प्रोडक्ट यूज नहीं होता है। यह पानी मीठा नहीं होता है। डिटॉक्स वॉटर पीने से बॉडी हाइड्रेट होती है और यह किसी मेजिकल कलींजर की तरह काम करता है। इसके सेवन से हमारे बॉडी के टॉक्सिंस बाहर निकल जाते हैं। यह इम्यूनिटी को बूस्ट करता है। डिटॉक्स वॉटर में विटामिन, एंटीऑक्सीडेंट जैसे तत्व होते हैं, जिसका हमारी ओवर ऑल हेल्थ पर असर अच्छा असर पड़ता है। एक रिसर्च के मुताबिक, पूरे दिन में सिर्फ डिटॉक्स वॉटर पीना काफी नहीं है। इससे आपके शरीर को फायदा होने के बजाय नुकसान हो सकता है। वहीं, किडनी के मरीजों के लिए भी डिटॉक्स वॉटर पीना नुकसानदायक हो सकता है।

### ● डिटॉक्स वॉटर रोज पीने के फायदे

#### हाइड्रेशन में सुधार

अक्सर लोग तब तक पानी नहीं पीते जब तक उन्हें प्यास न लगे, जबकि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए नियमित रूप से पर्याप्त पानी पीना बहुत जरूरी है। शरीर को सही तरीके से काम करने के लिए हाइड्रेशन आवश्यक होता है। ऐसे में डिटॉक्स वॉटर पीना एक अच्छा विकल्प है, क्योंकि इससे न सिर्फ शरीर में पानी की कमी पूरी होती है, बल्कि शरीर लंबे समय तक हाइड्रेट भी बना रहता है।

#### पोषक तत्वों से भरपूर

डिटॉक्स वॉटर में नींबू, खीरा, पुदीना और बेरीज जैसे फलों व जड़ी-बूटियों से बनता है। इसमें विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। इसलिए, जब आप रेगुलर डिटॉक्स वॉटर पीते हैं, तो इनमें मौजूद तत्व आपके शरीर तक पहुंचते हैं।

#### पाचनतंत्र बेहतरीन होता है

कई लोग डिटॉक्स वॉटर में अदरक और पुदीना जैसी प्राकृतिक चीजें मिलाकर पीते हैं। ये दोनों ही तत्व पाचन को मजबूत बनाने में मददगार माने जाते हैं। अदरक और पुदीना के सेवन से पेट की गैस, भारीपन और सूजन जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। इसके अलावा, डिटॉक्स वॉटर पीने से शरीर का मेटाबॉलिज्म भी सक्रिय रहता है और पाचन प्रक्रिया बेहतर होती है।

New Delhi

# बीजेपी ने 6,900 करोड़ का बैंक बैलेंस दिखाया कांग्रेस के पास सिर्फ 53 करोड़

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद राजनीतिक पार्टियों ने चुनाव आयोग को अपने लेखा-जोखा की जानकारी दी गई। इसके अनुसार, केंद्र और दिल्ली में सत्ताधारी बीजेपी के पास 6,900 करोड़ रुपये से अधिक की बैंक जमा राशि है। वहीं, कांग्रेस के पास कुल 53 करोड़ रुपये हैं, जबकि बीएसपी के पास 580 करोड़ रुपये से अधिक का बैंक बैलेंस है।

कांग्रेस ने 2024-25 में 517 करोड़ रुपये चंदे के रूप में प्राप्त किए हैं, जो 20,000 रुपये से अधिक के व्यक्तिगत चंदे से मिले हैं। पार्टियों के लिए फंड जुटाने के मुख्य स्रोत व्यक्ति, कॉर्पोरेट और ट्रस्ट होते हैं।



दिल्ली विधानसभा चुनावों के बाद पार्टियों की ओर से अपनी बैंक जमा राशि का खुलासा किया गया। इसमें आम आदमी पार्टी (आप) के केंद्रीय मुख्यालय के पास 9.9 करोड़ रुपये, सीपीएम के पास 4 करोड़ रुपये, सी.पी.आई. के पास 41 लाख रुपये और बीएसपी के पास 580 करोड़ रुपये थे। यह जानकारी पार्टियों ने चुनाव आयोग को दी है।

बीजेपी की बैंक में जमा राशि, जो 6,900 करोड़ रुपये से अधिक है, उसे अन्य पार्टियों से काफी आगे रखती है। कांग्रेस की कुल जमा राशि 53 करोड़ रुपये है, जो बीजेपी की तुलना में बहुत कम है। बीएसपी, जिसका चुनावी प्रदर्शन बहुत खास नहीं रहा है, उसके पास अभी भी 580 करोड़ रुपये से ज्यादा की जमा राशि है।

Gujrat

## GIFT सिटी में शराब नियमों में बड़ी ढील, निवेशकों और विदेशियों को गुजरात सरकार की राहत



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** गुजरात सरकार ने गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (GIFT सिटी) में शराब सेवन से जुड़े नियमों में और ढील देते हुए बड़ा फैसला लिया है. इस कदम को राज्य में विदेशी निवेशकों और अन्य राज्यों से आने वाले कारोबारी वर्ग को आकर्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है.

गृह विभाग द्वारा 20 दिसंबर को जारी अधिसूचना के अनुसार, अब गिफ्ट सिटी में शराब सेवन के लिए परमिट लेने की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है. नए नियमों के तहत कोई भी 'बाहरी व्यक्ति', जो गुजरात का निवासी नहीं है, या कोई विदेशी नागरिक, केवल वैध फोटो पहचान पत्र दिखाकर गिफ्ट सिटी में निर्धारित स्थानों पर शराब का सेवन कर सकता है तो इससे पहले ऐसे लोगों को अस्थायी परमिट लेना जरूरी था. गौरतलब है कि वर्ष 2023 में पहली बार गिफ्ट सिटी में परमिट सिस्टम के तहत शराब सेवन की अनुमति दी गई थी. अब सरकार ने इसमें और ढील देते हुए प्रक्रिया को काफी सरल बना दिया है. नए नियमों के अनुसार शराब केवल रेस्तरां तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि होटल परिसर, लॉन, पूलसाइड, छत और अन्य फूड एंड बेवरेज क्षेत्रों में भी परोसी जा सकेगी.

संशोधित व्यवस्था के तहत गिफ्ट सिटी में कार्यरत कर्मचारियों को भी राहत दी गई है. पहले उन्हें शराब परमिट के लिए एचआर हेड जैसे 'सिफारिश अधिकारी' के माध्यम से आवेदन करना पड़ता था, लेकिन अब यह बाध्यता हटा दी गई है.

Hyderabad

## हैदराबाद की 'सोनम रघुवंशी' आंखों के सामने चढ़वाई पति की बलि, आशिक ने तड़पाकर मारा!

**हैदराबाद, (एजेंसी)** पत्नी ने पैर पकड़े और आशिक ने वार शुरू कर दिए। कुछ देर बाद पीड़ित की अस्पताल में मौत हो गई। ऐसा अंत हैदराबाद में नौकरी कर घर लौटे शख्स का हुआ है, जो पत्नी के अवैध संबंधों के चलते जान गंवा बैठा। इधर, महिला अपने पति की हत्या को हार्ट अटैक का नाम देकर चकमा देने की तैयारी में थी। शायद वह इसमें सफल भी हो जाती, लेकिन आरोपियों की एक गलती ने उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जान गंवाने वाले शख्स की पहचान 45 वर्षीय वीजे अशोक के तौर पर हुई है। वह लॉजिस्टिक मैनेजर थे। वहीं, हत्या में शामिल 36 साल की जे पूर्णिमा उनकी पत्नी थी। पुलिस का कहना है कि पूर्णिमा का 22 साल के पी महेश के साथ अवैध संबंध था। पत्नी पर शक होने के बाद अशोक ने कथित तौर पर पूर्णिमा से पूछताछ शुरू कर दी थी, जिसके बाद आरोपियों ने इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि जब अशोक ने पत्नी से कथित अफेयर के बारे में सवाल पूछने शुरू किए थे, तब ही उसकी हत्या की साजिश शुरू हो गई थी।

Uttarpradesh

## सुबह जिसका किया एनकाउंटर शाम को वो हुआ फरार!

**भदोही, (एजेंसी)** यूपी के भदोही में हैरान करने वाला मामला सामने आया जहां एनकाउंटर में घायल बदमाश पुलिस कस्टडी से फरार हो गया. जिस बदमाश को पुलिस ने पैर में गोली मारकर अरेस्ट किया था, उसके चंद घंटे बाद रफूचक्कर होने से महकमे में हड़कंप मच गया.

आपको बता दें कि घटना बीते सोमवार की है. पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने के बाद गिरफ्तार किया गया 25 हजार का इनामी बदमाश शिवम भारती न्यायालय में पेशी के बाद पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया. पुलिस को आशंका थी कि आरोपी न्यायालय परिसर में ही कहीं छिपा है. ऐसे में उसकी तलाश में तलाशी अभियान चलाया गया. आखिरकार कड़ी मशक्कत के बाद उसे देर रात



पकड़ लिया गया.

इस पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश को न्यायालय में पेश किया गया था. पेशी के बाद उसे वापस वाहन के पास लाया गया था. इसी दौरान वह मौका देखकर वहां से गायब हो गया.

खेल

महिला क्रिकेट को बड़ी सौगात

# घरेलू महिला खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों की फीस में ऐतिहासिक बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने घरेलू महिला क्रिकेटरों और मैच अधिकारियों की मैच फीस में बड़ी बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। यह फैसला भारत की ऐतिहासिक पहली महिला वनडे विश्व कप जीत के बाद लिया गया है, जिसका उद्देश्य घरेलू क्रिकेट में अधिक समान और न्यायसंगत वेतन संरचना तैयार करना है। इस प्रस्ताव को बोर्ड की एपेक्स काउंसिल ने मंजूरी दी।**

नई वेतन संरचना के तहत सीनियर महिला घरेलू क्रिकेटरों को अब प्रति दिन 50,000 रुपये मिलेंगे, जो पहले 20,000 रुपये थे। रिजर्व खिलाड़ियों को अब 25,000 रुपये प्रति दिन (पहले 10,000 रुपये) मिलेंगे।




### सीनियर महिला वनडे और मल्टी-डे टूर्नामेंट

**प्लेइंग इलेवन**: 50,000 प्रति दिन

**रिजर्व खिलाड़ी**: 25,000 प्रति दिन

### राष्ट्रीय महिला टी20 टूर्नामेंट

**प्लेइंग इलेवन**: 25,000 प्रति मैच

**रिजर्व खिलाड़ी**: 12,500 प्रति मैच

बीसीसीआई अधिकारियों के अनुसार, कोई शीर्ष घरेलू महिला क्रिकेटर अगर पूरे सीजन में सभी प्रारूपों में खेलती हैं, तो वह 12 से 14 लाख रुपये तक की कमाई कर सकती है।

### जूनियर महिला खिलाड़ियों को भी फायदा

अंडर-23 और अंडर-19 वर्ग की महिला खिलाड़ियों की फीस भी बढ़ाई गई है।

**प्लेइंग खिलाड़ी**: 25,000 प्रति दिन

**रिजर्व खिलाड़ी**: 12,500 प्रति दिन

### मैच अधिकारियों की भी बढ़ी कमाई

इस फैसले से अंपायर और मैच रेफरी जैसे मैच अधिकारियों को भी बड़ा लाभ मिलेगा।

**घरेलू लीग मैच**: 40,000 प्रति दिन

**नॉकआउट मैच**: 50,000 से 60,000 प्रति दिन (मैच की अहमियत के अनुसार)

इसके चलते रणजी ट्रॉफी के लीग मैचों में अंपायरों की कमाई अब लगभग 1.60 लाख रुपये प्रति मैच हो जाएगी, जबकि नॉकआउट मुकाबलों में उन्हें 2.5 से 3 लाख रुपये तक मिलेंगे।

सिनेमा

# धुरंधर ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस में कंतारा चैप्टर1 को पछाड़ा, यह रिकॉर्ड किया अपने नाम



आदित्य धर की फिल्म धुरंधर एक के बाद एक कई रिकॉर्ड अपने नाम करती जा रही है। फिल्म ना सिर्फ भारत में बल्कि वर्ल्डवाइड भी जबरदस्त कमाई कर रही है। हाल ही में भारत की ऑल टाइम सबसे ज्यादा कमाई करने वाली मूवीज की लिस्ट में शामिल होने के बाद अब वर्ल्डवाइड कलेक्शन के साथ धुरंधर ने कंतारा चैप्टर 1 को पछाड़ दिया है। सैक्निक की रिपोर्ट के मुताबिक धुरंधर ने वर्ल्डवाइड 872.25 करोड़ की कमाई कर ली है। वहीं ऋषभ शेट्टी की फिल्म कंतारा की वर्ल्डवाइड कलेक्शन थी ओवरऑल 852 करोड़। फिल्म अब 2025 में हाइस्ट ग्रोसिंग इंडियन फिल्म बन गई है। वहीं डोमेस्टिकली फिल्म ने सोमवार को पहले के मुकाबले कम कमाई की है। सोमवार को धुरंधर ने 16 करोड़ कमाए और उस हिसाब से फिल्म ने 571 करोड़ कमा लिए हैं। बता दें कि पहले सोमवार को फिल्म ने जहां 23.5 करोड़ की कमाई की थी, वहीं दूसरे शुक्रवार को फिल्म ने 30 करोड़ कमाए थे। इससे पहले फिल्म ने भारत में टॉप 10 सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म की लिस्ट में रणबीर कपूर की एनिमल को हटाकर 10वें नंबर पर अपनी जगह बनाई है।

## Highlights

1. Delhi pvt firms violating WFH rules under GRAP-IV to face action: Sirsa
2. US issues worldwide alert for H-1B visa applicants amid delays
3. 'Are you Bangladeshi?' Mob asked man before lynching him in Kerala
4. What is Prudent Electoral Trust that donated ₹2,180 crore to BJP?
5. Police share pic of wanted criminal's body after encounter in UP, say 'Journey of terror ends'

# Mega Ambuja Cements merger puts UltraTech on notice in consolidation overdrive



**NEW DEIHI, (Agency).** Billionaire Gautam Adani is folding his cement empire into one single entity, in what is seen as an attempt to streamline operations and take on market leader UltraTech Cement Ltd. in India's rapidly consolidating infrastructure space.

The board of Ambuja Cements Ltd. has approved the merger of ACC Ltd. and Orient Cement Ltd. with the flagship Adani Cements company, according to an exchange filing on Monday, 22 December 2025. The deal creates a so-called "One Cement" platform to eliminate the corporate overlap that has been prevalent since Adani Group acquired Holcim AG's India assets in 2022.

The merger also includes Sanghi Industries and Penna Cement, regional cement firms acquired recently.

Post-merger, Adani Group's stake in Ambuja Cements will dilute to 60.94% from 67.65% at present.

Post-merger, Ambuja and ACC will continue to operate independently.

The idea is to unlock synergies in manufacturing and logistics, optimise cost related to sales and marketing, and strengthen the balance sheet by improving margin by up to ₹100 per metric tonne.

"This consolidation represents a transformational step in building a globally competitive, integrated cement and building materials organisation," Karan Adani, non-executive director at Ambuja Cements, said in a statement. The unified balance sheet, according to him, would provide the "resilience" needed to accelerate capacity expansion.

# Netflix refinances part of $59 billion loan for Warner Bros. bid

**NEW DEIHI, (Agency).** Netflix Inc. has refinanced part of a $59 billion bridge loan to support its potential acquisition of Warner Bros. Discovery Inc.

The streaming giant secured a $5 billion revolving credit facility and two $10 billion delayed-draw term loans to refinance part of the bridge facility it took out for its Warner Bros. bid, according to a filing on Monday. That leaves $34 billion for syndication.

Netflix agreed to a deal in early December that values Warner Bros.' studio and




streaming assets at $82.7 billion. Paramount Skydance Corp. subsequently launched a hostile takeover offer, sparking a bidding war that will reshape the entertainment industry regardless of the winner. The rival bids entail multi-billion-dollar debt deals that rank among the largest in the past decade.

Warner Bros. last week advised its shareholders to reject the Paramount bid in favour of its original agreement with Netflix. Warner Bros. Discovery described Paramount's offer for the entire company, which includes $54 billion in debt commitments, as "inferior and inadequate", and said the deal's financing was too risky.

While Netflix has the support of Warner Bros.' board, it faces regulatory and political hurdles to get the acquisition over the line.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक